# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2024


# अंतरराज्यीय वाहन चोरी करने वाली 2 टोलियों का पर्दाफाश

## चार गिरफ्तार 11 कारों सहित डेढ़ करोड़ का माल जब्त

**नागपुर।**

साफ्टेवेयर में छेड़खानी करके कार चुराकर नागालैंड में बिक्री करनेवाली अंतराज्यीय गिरोह रैकेट के 2 सदस्यों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी अजीत सिंह इंगो लायश्रम (38) तथा बोजेंद्रो सिंह शुरचंद सिंह लायश्रम (27) इंफाल, मणिपुर का समावेश है.

अजीत सिंह और बोजेंद्रो सिंह वाहन चुराते है. इस गिरोह ने शहर से कई कार चुराई. आरोपी साईड की खिड़की का ग्लास तोड़कर कार में प्रवेश करते है. लैपटॉप की मदद से कार को अनलॉक करते और पासवर्ड बदलकर नई चाबी की मदद से कार स्टार्ट करते है. कार में दूसरी नंबर प्लेट लगा देते है. उनके पास फर्जी आरसी बुक भी रहती है. फर्जी मोबाइल नंबर से हासिल फास्ट टैग लगाकर फरार हो जाते है. फास्ट टैग बदलने से नाके पर टोल राशि के भुगतान कार मालिक के मोबाइल नंबर पर मैसेज भी नहीं जाता है. ऐसा करने से कार मणीपुर नागालैंड पहुंच जाती है.

पुलिस सीसीटीवी फुटेज से जांच आरंभ करती है. परंतु तब तक कार काफी दूर पहुंच जाती है. 3 अक्तूबर को गणेशपेठ निवासी अशोक खंडेलवाल की वर्धमान नगर में पार्क क्रेटा कार चुराई गई थी. जांच



में पुलिस को इस गिरोह के लिप्त होने का पता चला. उसकी सूचना पर कटनी पुलिस ने दो वाहनों को बरामद करके अजीत सिंह और बोजेंद्रो सिंह को पकड़ा. उनसे पूछताछ करके पुलिस रैकेट के मुखिया और दूसरे सदस्यों का पता चला. इस गिरोह ने अलावा हैदराबाद से भी वाहन चुराए है. अबतक 9 वाहन पूर्वोत्तर राज्य में बिक्री किए है.

पुलिस ने 11 वाहन बरामद किए है. पुलिस आयुक्त डॉ.रवींद्र सिंगल तथा क्राइम ब्रांच के डीसीपी राहुल माकणिकर ने इस रैकेट की जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम जांच के लिए मणीपुर गई थी. हिंसा होने से पुलिस को अंदरूनी इलाके में नहीं पहुंच पाई. रकैटे के मुखिया और दूसरे साथियों का पता नहीं चल पाया है.

इसी तरह दिल्ली से चुराए गए वाहनों की शहर में बिक्री करनेवाला गिरोह के दो सदस्यों को भी क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है. पुलिस को दिल्ली के वाहन नागपुर में चलाए जाने का पता चला. इसके आधार पर कार (क्र.एम.पी./04/ई.ई.2026 ) के मालक शाहीद इकबाल उर्फ चिंटू अब्दुल लतीफ (39) अंसार नगर को रोककर कार के इंजन और चेसीस की जांच की गई. पुलिस को कार नंबर एच.आर.10.ए.टी./3055 होने का पता चला. शाहीद ने सौरभ अशोक अहिरवार (36) गाडीखाना, महाल की मदद से फर्जी नंबर प्लेट लगाए जाने का बताया. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया. इस रैकेट द्वारा चुराए गए एक करोड़ रुपए कीमत के 8 वाहन बरामद किए गए है. इस रैकेट में दिल्ली का शाहीद और कपिल नगर का गुड्डू शेख लिप्त है. ये दोनों कारवाई को क्राइम ब्रांच के डीसीपी राहुल माकणीकर के मार्गदर्शन में थानेदार सुहास चौधरी, सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन भोंडे, पुलिस उप निरीक्षक अनिल इंगोले पुलिस, कर्मचारी दीपक रिंठे, विलास कोकटे, अजय शुक्ला, पंकज हेड़ाऊ, शंभु सिंग किरार, राहुल कुसरामे, अभय ढोने, नितिन वासनिक, सुमित गुजर, हेमंत लोनारे और स्वप्निल खोड़के ने अंजाम दी है.

# कांग्रेस विधायकों का बीजेपी में विलय कर लेना चाहिए: डॉ.देशमुख

**नागपुर।**

सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र के भाजपा-महायुति विधायक डॉ.आशीषव देशमुख ने कहा कि हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए. इसमें भारतीय जनता पार्टी और महागठबंधन ने बड़े अंतर से जीत हासिल की. उस मौके पर हमें महाराष्ट्र में कांग्रेस की गिरावट देखने को मिली. देशभर में लगातार कांग्रेस हो रही है.

नई महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस के अब सिर्फ 16 विधायक हैं, जो लोकसभा सांसदों की संख्या के हिसाब से भारत के दूसरे सबसे बड़े राज्य में सबसे कम है. महाराष्ट्र भारत की 17वीं विधानसभा है, जहां आज कांग्रेस के 10 फीसदी से भी कम विधायक हैं. 28 में से 17 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली, जम्मू कश्मीर और पुडुचेरी में कांग्रेस की यही स्थिति है. कम से कम 10 लोकसभा क्षेत्रों वाले 18 राज्यों में से सात राज्यों में कांग्रेस के पास अब 10% से कम विधायक हैं. कांग्रेस के लिए एक और चिंता की बात यह है कि देश में विधायकों की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है.

डॉ.देशमुख ने कहा कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में सिर्फ 16 विधायकों के साथ कांग्रेस के पास अब महाराष्ट्र विधानसभा में केवल 5.55% सीटें हैं. 1962 के बाद से महाराष्ट्र विधानसभा में यह पार्टी की सबसे कम सीट हिस्सेदारी है. आज की तारीख में कांग्रेस के पास 10% से भी कम विधायक हैं, जिससे वह विपक्ष के नेता पद का दावा करने में भी असमर्थ है. आज देश में कुल विधायकों में से 19.5% विधायक कांग्रेस के पास हैं.

महाराष्ट्र में कांग्रेस के राजनीतिक हाशिये पर जाने की कहानी 1980 के दशक से चली आ रही है. महाराष्ट्र विधानसभा में सीटों के पार्टीवार वितरण पर नजर डालने से इसकी पुष्टि होती है. 1962, 1967 और 1972 के चुनावों में कांग्रेस को महाराष्ट्र विधान सभा में बहुमत प्राप्त था. आपातकाल के बाद 1978 के विधानसभा चुनावों में हार गए, लेकिन 1980 और 1985 के चुनावों में फिर से बहुमत हासिल किया. 1990 के विधानसभा चुनावों में भाजपा और शिवसेना के पहली बार हाथ मिलाने के बाद इसकी गिरावट शुरू हुई और 1995 में उनका नुकसान बढ़ गया.



डॉ.आशीषव देशमुख ने कहा, विधानसभा चुनाव, जब महाराष्ट्र में पहली बार शिवसेना और बीजेपी गठबंधन की सरकार बनी. हालाँकि इसने 1999 में विभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ गठबंधन करके राज्य में दो सरकारें बनाईं, लेकिन राज्य में कांग्रेस की अपनी सीट हिस्सेदारी 1995 के बाद 30% से ऊपर नहीं बढ़ी. 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में कांग्रेस की सीट हिस्सेदारी पहले 20% से नीचे और फिर 10% से नीचे गिर गई। 2024 का परिणाम ऐतिहासिक है और कांग्रेस के लिए एक नया निचला स्तर है.

विदर्भ और मराठवाड़ा में क्रमशः 62 और 46 विधानसभा क्षेत्र हैं- जो महाराष्ट्र में सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र हैं. प्रति निर्वाचन क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद के मामले में वे राज्य में सबसे गरीब हैं। यदि हम कांग्रेस विधायकों के उप-राज्यवार वितरण को देखें, तो 16 कांग्रेस विधायकों में से दस मराठवाड़ा और विदर्भ (जिनमें कुल 108 विधानसभा क्षेत्र हैं) से हैं और शेष छह विधायक शेष क्षेत्र से हैं. विदर्भ और मराठवाड़ा उप-क्षेत्रों को छोड़कर, राज्य में कांग्रेस का उप-क्षेत्र-वार प्रदर्शन एक बार फिर 10% सीट आवंटन सीमा से नीचे आ गया है। हालाँकि, राज्य के दो सबसे ग्रामीण और गरीब हिस्सों में अच्छा प्रदर्शन करके इसे बचा लिया गया. 2024 में, यह इन दो उप-क्षेत्रों में 10% सीट शेयर के निशान से भी नीचे गिर गया. महाराष्ट्र में इसे देश के सबसे गरीब मतदाताओं का समर्थन खोकर अपमानित होना पड़ा है, जिन्होंने देश और राज्य की लगातार डॉ.आशीषव देशमुख ने कहा, गिरावट के बावजूद अब तक इसे नहीं छोड़ा था. इसलिए कांग्रेस को अपनी हार का गहराई से आत्ममंथन करना चाहिए. लगातार गिरावट, हर राज्य में घटती सीटें, घटते मतदाता वर्ग ने कांग्रेस के लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा। कांग्रेस और कांग्रेस विधायकों का कोई भविष्य नहीं है. इसलिए, महाराष्ट्र में कांग्रेस के 16 विधायकों को भारतीय जनता पार्टी में विलय कर लेना चाहिए.

# बीसी के नाम पर 3.74 लाख की ठगी

**नागपुर।** होटल व्यवसायी द्वारा उसके द्वारा चलाई जाने वाली भिसी में निवेश के बाद बड़ा मुनाफा होने का झांसा देकर एक व्यक्ति को तीन लाख 74 हजार रुपये का चूना लगा दिया. जब यह व्यक्ति मुनाफा नहीं होने के बाद अपने पैसे वापस मांगने गया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर पैसे वापस करने से इनकार कर दिया. जिसके बाद यह मामला सदर पुलिस थाने पहुंचा पुलिस ने फरियादी देवेंद्र इंद्र कुमार कोठारी (46) किंग्स रेजिडेंसी, नेल्सन चौक, सदर निवासी की शिकायत पर धोखाधड़ी के तहत यह मामला दर्ज किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र की पहचान आरोपी मनप्रीत सिंह अलंग कश्मीरी गली, कमाल चौक निवासी से 2022 में हुई थी. मनप्रीत ने खुद को होटल व्यवसायी बताया था और भिसी चलाने की बात भी कही थी. उसके झांसे में आकर तब देवेंद्र ने अलग-अलग करीब 3 लाख 74000 रुपये निवेश किये.

यह निवेश उन्होंने में 2022 से जून 2023 के दौरान किया गया था. निवेश के बाद भी जब कोई मुनाफा नहीं हुआ तब आरोपी ने अपने पैसे वापस मांगे परंतु आरोपी मनप्रीत ने तब देवेंद्र से गालीगलौज की और उसे धमकी देकर पैसे वापस देने से इनकार कर दिया. जिसके बाद यह मामला सदर पुलिस थाने पहुंचा. पुलिस ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत यह मामला दर्ज किया है.

# पेंढरी घाट में बस पलटी

## पिकनिक पर जाते समय हुआ हादसा

**नागपुर।** शंकर नगर स्थित सरस्वती विद्यालय के दसवीं के छात्रों को लेकर जा रही बस सोमवार सुबह हिंगना से 30 किलोमीटर दूर सेलू मार्ग पर पेंढरी घाट में पलट गई इस दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई जबकि 53 अन्य घायल हुए हैं.

सरस्वती विद्यालय द्वारा 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पिकनिक आयोजित नहीं की जाती, लेकिन बीते वर्ष 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों की कोई पिकनिक नहीं हुई. स्कूल में उनका आखरी वर्ष होने के कारण 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए वर्धा के सेलू में स्थित ज्ञान भारती स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पिकनिक और स्टडी टूर का आयोजन किया गया.

अपने सहपाठियों के साथ




आखिरी पिकनिक होने के कारण सभी बच्चे उत्साहित थे. हरिहर टूर्स एंड ट्रेवल्स से 5 बसें बुक की गई. सेक्शन के हिसाब से बच्चे बसों में सवार होकर स्कूल से निकले. डी सेक्शन के विद्यार्थियों 53 विद्यार्थियों को ले जा रही बस (क्र.एम.एच.40-वाय.7350) का चालक प्रमोद सुरेश गौरखेड़े काफी तेज गति में वाहन चला रहा था. सभी बच्चे मस्ती के माहौल में थे और गाने गाकर एक-दूसरे का मनोरंजन कर रहे थे. कवडस मार्ग पर देवली पेंढरी गांव में टर्निंग बहुत शार्प थी. इसके बाद भी बस चालक ने गाड़ी की गति धीमी नहीं की. मुड़ते समय बस अनियंत्रित होकर बाईं तरफ पलट गई. रास्ते से करीब 15 फुट नीचे 2 बार पलटी खाकर रुकी. जैसे-जैसे बस पलटी खा रही थी एक तरफ के छात्र दूसरी तरफ के छात्रों पर गिरते गए. हर तरफ से चीख-पुकार होने लगी और कोहराम मच गया. इस में अधिकांश बच्चे जख्मी हुए. बस पलटी होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए दौड़ गए. पुलिस को घटना की जानकारी दी. हिंगना के थानेदार जितेंद्र बोबड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. गंभीर जख्मी निर्वाणी शीलानंद बागड़े (15), क्लास टीचर अर्चना राव और 1 छात्र बुरी तरह जख्मी थे. उन्हें तुरंत पुलिस के वाहन में अस्पताल रवाना किया गया. परिसर से निजी बस बुलाकर अन्य छात्रों को भी अस्पताल पहुंचाया गया. निर्वाणी को गंभीर चोट लगी थी. डाक्टरों ने उसे बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन मृत्यु हो गई. डीसीपी जोन 1 लोहित मतानी ने बताया कि बस में क्लास टीचर, स्पोर्टस टीचर और केयरटेकर के साथ 53 बच्चे सवार थे. पेंढरी गांव की टर्निंग पर बस चालक ने लापरवाही से टर्न लिया और बस पलट गई. 10 छात्र 2 निजी अस्पतालों में भर्ती किए गए है. अन्य को एम्स में भर्ती किया गया है. डाक्टरों की पूरी टीम उनके उपचार में लगी है. चालक के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. वह नशे में था या नहीं इसकी जांच के लिए ब्लड सैंपल लिए गए हैं. बचावकार्य में स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की काफी मदद की.

# आटोरिक्शा ने खड़ी क्रेन को मारी टक्कर

## > 2 महिलाओं की जगह पर मौत, 6 घायल

**कामठी/नागपुर।**

महेंद्र शो रुम के पास कामठी-नागपुर महामार्ग के खैरी क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 5बजे दौरान एक अनियंत्रित आटो रिक्शा ने खड़े क्रेन को जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में आटो रिक्शा में 7 सवारी महिलाओं में 2 की जगह पर ही मृत्यु हो गई. वहीं ऑटो रिक्शा चालक सहित 5 सवारी महिलाएं गंभीर रुप से घायल होने पर उन्हें आशा हॉस्पिटल में चिकित्सा के लिए पहुंचाया गया.

जूना कामठी पुलिस थाना द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कामठी स्थित येरखेड़ा में झंडा चौक निवासी ऑटो रिक्शा चालक सतीश गोमकाले (36) ने ऑटो क्र.एमच-49, सीएफ-1250 में बालाभाऊपेठ, कमाल चौक नागपुर से 7 महिलाओं को ऑटो




सवार कर खैरी शिवार के एक लॉन में शादी समारोह में काम करने के लिए ले जा रहा था.

ज्ञात हो कि नागपुर-कामठी महामार्ग के खैरी शिवार के आउटर रिंग रोड के पुल का पेंटिंग का काम करने के लिए खडे क्रेन को नागपुर से कामठी की ओर आते समय अनियंत्रित आटो ने जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में ऑटो रिक्शा सवारियों में से दो महिलाओं की जगह पर ही मृत्यु हो गई. जिसमें ऑटो रिक्शा चालक सहित 5 महिला सवारी गंभीर रुप से घायल हो गए थे.

इस हादसे में आटो रिक्शा में सवार तांडा पेठ वैशाली नगर नागपुर निवासी निर्मला लक्ष्मण जुमडे (50) व प्रेम नगर नागपुर कौशल्या कुहीकर (60) की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई. वहीं झंडा चौक येरखेडा कामठी निवासी ऑटो रिक्शा चालक सतीश गोमकारे (36) सहित ऑटो रिक्शा सवारियों में ईदूमती भिकाजी भैसारे (65), बेबी मोतीराम अस्वले (60), दुर्गाबाई नरेंद्र वैरागडे (50), विमल गोपाल गाते (60), रेखा कृष्णराव पराते (50) सभी तांडा पेठ पांचपावली नागपुर निवासी गंभीर रुप से घालय हो गए.

घटना की जानकारी जूना कामठी पुलिस थाना को मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक निर्मला झाडे व यातायात पुलिस, नए कामठी पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक विकास तिडके अपने सहकर्मियों के साथ घटना स्थल पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए कामठी-नागपुर महामार्ग में भेड़िखाना स्थित आशा हॉस्पिटल में उपचार कराने रवाना किया. इस बाबत जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े एवं नया कामठी पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी.



# विद्युत विभाग की लापरवाही

**नागपुर।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते समय पर स्ट्रीट लाइटों को बंद न करने से वे दिन के उजियारे में भी चालू रहती हैं. इसका भार उपभोक्ताओं को वहन करना पड़ता है. स्ट्रीट लाइट चालू रहने का मामला नागपुर पश्चिम के पेंशन नगर में दिखाई दे रहा है. जमाअत-ए-इस्लामी हिंद नागपुर के मीडिया सचिव डॉ.एम.ए. रशीद ने संबंधित विभाग से मांग की है स्ट्रीट लाइटों को दिन के निकलने से पूर्व ही बंद करवाया जाना चाहिए. इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त भार का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा.

# मनपा में संविधान प्रस्ताव का सामूहिक पठन

## > आयुक्त ने किया डॉ.आंबेडकर को नमन

**नागपुर।**

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को नागपुर महानगर पालिका ने मनपा मुख्यालय के लॉन में संविधान प्रस्ताव का पठन किया गया. इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ.अभिजीत चौधरी ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ.बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में आयुक्त डॉ.चौधरी ने संविधान दिवस का महत्व बताया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाने के लिए नागपुर मनपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रम चलाये जायेंगे.

इस समय मनपा के सभी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान दिवस मनाया. इस अवसर पर मनपा के अपर आयुक्त अजय चारठाणकर,



उपायुक्त विजया बनकर, उपायुक्त प्रकाश वराडे, मिलिंद मेश्राम, विजय देशमुख, मनपा के मुख्य अभियंता लीना उपाध्ये, परिवहन व्यवस्थापक विनोद जाधव, अधीक्षक अभियंता मनोज तालेवार, अधीक्षक अभियंता डॉ.श्वेता बॅनर्जी, वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ.दीपक सेलोकर, सहाय्यक आयुक्त गणेश राठोड, श्याम कापसे, घनश्याम पंधरे, प्रमोद वानखेडे, विजय थूल, अशोक गराटे, अति. वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ.नरेंद्र बहिरवार, कार्यकारी अभियंता अजय डहाके, विजय गुरुबक्षानी, अल्पना पाटणे, विधी अधिकारी प्रकाश बरडे, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ.गजेंद्र महल्ले, जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी, वरिष्ठ नागरिक कक्ष के सदस्य सुरेश रेवतकर, दत्तात्रय वलकार, प्रदीप सपकाळ, वसंत पाटिल समेत मनपा के अधिकारी-कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे. इसके साथ ही संविधान का मूल्य हर आयु वर्ग तक पहुंचाने के लिए मनपा क्षेत्र के स्कूलों में भी संविधान दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किये गये.

नागपुर मनपा के हनुमान नगर के स्कूल में समस्त शिक्षण स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित सभी लोगों ने बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया.

# ‘घर-घर संविधान’ पहल की शुरुआत नागपुर से

## > पूर्व उपमुख्यमंत्री फडणवीस का विशेष संदेश

**नागपुर।**

भारत के संविधान द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को दी गई बहुमूल्य स्वतंत्रता, समान न्याय के सिद्धांत, एक नागरिक के रूप में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों की जिम्मेदारी के बारे में समाज के प्रत्येक तत्व में जागरूकता पैदा करना आवश्यक है. जनजातीय और सामाजिक न्याय विभाग के सचिव विजय वाघमारे ने कहा कि भारतीय संविधान को अपनाए हुए 75 साल



हो गए हैं और इस अवसर पर सरकार द्वारा की गई घर-घर संविधान पहल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है. इस अवसर पर उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा दिया गया शुभकामना संदेश पढ़ा.

संविधान दिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर-घर संविधान पहल की शुरुआत मंगलवार को संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदारी द्वारा नागपुर में की गई. वाघमारे इस समय आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस समय कलेक्टर डॉ.विपीन इटनकर, महात्मा ज्योतिबा फुले शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक राजेश खवले, निवासी उपजिलाधिकारी अनुप खांडे, समाज कल्याण विभाग के क्षेत्रीय उपायुक्त बाबासाहब देशमुख, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के उपनिदेशक विजय वाकुलकर, जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के उपायुक्त समिति डॉ. मंगेश वानखेड़े, सहायक आयुक्त सुकेशिनी तेलगोटे, जिला समाज कल्याण अधिकारी किशोर भोयर प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों, तृतीयपंथीय एवं दिव्यांगजनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया.




पूर्व उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का विशेष संदेश

भारतीय स्वतंत्रता की वर्षगांठ वर्ष के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से आजादी के मूल्य को गांव-गांव तक पहुंचाने में सफल हुए. भारतीय स्वतंत्रता के अमृत जयंती वर्ष के बाद हम एक और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का अमृत जयंती वर्ष मनाने के लिए तैयार हैं. भारत के प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित मौलिक स्वतंत्रता प्रदान करने वाला संविधान हमें भारतरत्न डॉ.बाबासाहब द्वारा प्राप्त हुआ था।

26 नवंबर को इसकी 75वीं वर्षगांठ है। हमने संविधान को स्वीकार किया है, यानि उसके सभी मूल्यों, अपने अधिकारों के साथ-साथ संविधान द्वारा राष्ट्र को दिए गए कर्तव्य के भाव को भी हमने स्वीकार किया है. साथ ही सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का प्रचार एवं प्रसार सभी उत्तरदायित्व एवं भावनाओं में सम्मिलित है. पूर्व उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने अपने संदेश में इन सभी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान में अंतिम व्यक्ति को न्याय, समानता और विवेक देने का संकल्प लें, हम संविधान के सभी मूल्यों को अधिक से अधिक आत्मसात करने के लिए संकल्पित हों।

### सभी को संविधान के मूल्यों से अवगत कराया जाएगा

संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदारी ने कहा कि हम संभाग के सभी जिलों में स्वतंत्रता के मूल्य, सामाजिक उत्तरदायित्व, कर्तव्य तत्परता, एक नागरिक के रूप में देश के प्रति कर्तव्य को बताने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करने जा रहे हैं. स्कूली छात्रों से लेकर कॉलेज के छात्रों तक, ग्राम पंचायत से लेकर जिला परिषद तक और साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था में सभी को भारतीय राज्य संविधान के मूल्य से अवगत कराया जाएगा.

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर की रेलिंग से टकराई

एक की मौत, दो गंभीर घायल

नागपुर। नागपुर से कामठी जाते वक्त एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा सोमवार सुबह लगभग चार बजे कामठी के गरुड चौक वळण मार्ग पर हुआ. कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे सड़क के किनारे खड़ी रेलिंग से टकरा गई, जिससे यह भयंकर हादसा हुआ. मृतक की पहचान रोशन निलांबर नाईक (26 वर्ष, रामगढ़, कामठी) के रूप में हुई है.

घायल व्यक्तियों में कार चालक सय्यद अमीर शहजाद सय्यद साब्बीर (26 वर्ष, फुटाना ओली, कामठी) और अभिषेक शिवणारायण परमार (28 वर्ष, न्यू येरखेडा, कामठी) शामिल हैं। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज एक निजी



अस्पताल में चल रहा है.

पुलिस के अनुसार, तीनों युवक नागपुर एअरपोर्ट पर ठेके पर काम करने के लिए कार (क्र.एमएच 40 /सीक्यू 3804) से जा रहे थे। कार चालक सय्यद अमीर ने अनियंत्रित गति से कार चलाते हुए गरुड चौक पर सड़क के किनारे खड़ी रेलिंग से टकरा दिया। इस टक्कर में कार का इंजन और बाकी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और कार में सवार तीनों युवक घायल हो गए. इस टक्कर के कारण एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

CMYK

# नाकाबंदी के दौरान 10,13,200 की शराब सहित कार जब्त

**वर्धा.**



वर्धा पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। रात के समय, स्थानीय अपराध शाखा वर्धा की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक सुनहरे रंग की मारुति कार से 10,13,200 रुपये मूल्य की देशी और विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की। यह कार्रवाई पोस्ट. देवली थाना क्षेत्र में नागपुर तुलजापुर हाईवे पर स्थित वाई फाटा पर की गई। जानकारी के अनुसार, एक मारुति कार (क्र. न. एमएच 01 एएच 2148) जिसमें शराब की तस्करी हो रही थी,

यवतमाल के क्लब से नागपुर-तुलजापुर हाईवे के रास्ते देवली की ओर जा रही थी। सूचना मिलने पर, पुलिस ने मौके पर नाकाबंदी की और वाहन की तलाशी ली। कार से 30 खड्डे के बॉक्स में गोवा कंपनी की 180 एमएल की 1440 सीलबंद बोतलें देशी शराब की और 2 पेटियों में ऑफिसर चॉइस कंपनी की 72 सीलबंद बोतलें विदेशी शराब की बरामद की गई। शराब की कुल कीमत 10,13,200 रुपये बताई जा रही है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है: जनार्दन नंदू ब-हानपुरे (उम्र 32 वर्ष), सुनील कुलसुंगे, प्रमोद धात्रक और महेश जायसवाल, सभी निवासी इंदिरा नगर, देवली, वर्धा। आरोपियों के खिलाफ देवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध शराब के व्यापार पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण मदद

यह कार्रवाई वर्धा पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पुलिस अधिकारी पो.हवा शेखर डोंगरे, पो.हवा आशीष महेशगौरी, पो. शि विकास मुंडे, पो. शि सुगम चौधरी, पो.शि. शुभम राऊत द्वारा स्थानीय अपराध शाखा वर्धा ने की। पुलिस की इस सफलता से अवैध शराब के व्यापार पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बड़ी संख्या में महिला किसानों की भागीदारी

### > 'एग्रोविजन' कृषि प्रदर्शनी का समापन

**कोंढाली.**

22 से 25 नवंबर तक नागपुर में आयोजित मध्य भारत की सबसे बड़ी कृषि प्रदर्शनी 'ॲग्रो व्हिजन' का समापन आज हुआ। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के कृषि मंत्री श्री तागे ताकी, पूर्व सांसद रामदास तडस, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस वर्ष के 'ॲग्रो व्हिजन' प्रदर्शनी में खासकर नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भाग लिया। कटोल तहसील के ग्राम पंचायत मासोद की सरपंच रंजू प्रकाश बारंगे ने स्थानीय महिला किसानों को इस कृषि प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए प्रेरित किया,

जहां उन्हें कृषि के आधुनिक तकनीकी दृष्टिकोण और तंत्रज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। 'ॲग्रो व्हिजन' का आयोजन प्रत्येक वर्ष किसान समुदाय को कृषि की नई तकनीकों से अवगत कराने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। इस प्रदर्शनी में 450 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया, जिन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि उत्पादों और सेवाओं के साथ-साथ स्टार्टअप्स के नवीनतम उत्पादों को दिखाया। प्रदर्शनी में किसानों के लिए लगभग 30 कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें कृषि में ड्रोन के उपयोग, टेरेस गार्डन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन और रेशम उत्पादन जैसे सहायक व्यवसायों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, गन्ना उत्पादन, किसान उत्पादन संगठनों, महिला बचत समूहों, और डेयरी किसानों के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए भी विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और व्यापार को कृषि क्षेत्र में समृद्धि लाने का मुख्य उद्देश्य मानते हुए, 'ॲग्रो व्हिजन' ने कृषि के भविष्य पर व्यापक चर्चा की। इस सम्मेलन का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें समृद्ध और सुखी जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा है। पिछले 15 वर्षों से 'ॲग्रो व्हिजन' एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है, जो किसानों को उनकी खेती और कारोबार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।






# पत संस्था का 31 वां वर्षगाँठ समारोह मनाया

**खापरखेड़ा.**

श्री साईबाबा नागरिक सहकारी पतसंस्था की 31वीं वर्षगांठ खापरखेड़ा वार्ड नंबर 3 मुख्य कार्यालय में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निःशुल्क भव्य स्वास्थ्य जांच , रक्तदान और आंखों की जांच और मुफ्त चश्मे का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 45 लोगों ने रक्तदान किया तथा 350 मरीजों की आंखों की जांच करायी गयी तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गये। शिविर में प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. राममोहन वानखेड़े, प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ अमित कुरुटकर, जनरल फिजिशियन डॉ. मनोज कोटारे, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. रोशनी वासनिक, ब्लड बैंक के मैनेजर डॉ. अतुल देशभ्रतार, डॉ. श्रेयस सहारे एवं स्वास्थ तकनीकी , कर्मचारीयो की उपस्थिती रही। इस अवसर पर पंचक्रोशीवासियों ने भव्य रोग निदान शिविर को उत्स्फूर्त प्रतिसाद दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के उद्देश्य एवं महत्व पर मार्गदर्शन किया. श्री साईबाबा नागरिक सहकारी पतसंस्था के अध्यक्ष मोरेश्वर मंगुलकर, उपाध्यक्ष विनायक लकडकर एवं समस्त सोसायटी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पोरवाल कॉलेज ने मनाया संविधान दिवस

**कामठी.**



सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, कामठी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हान ने की. मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. मनिष चक्रवर्ती उपस्थित थे . इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे, वाणिज्य विभागप्रमुख डॉ. इफ्तेखार हुसैन, डॉ. दिपक भवसागर और महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशिता अंबादे भी मंच पर मौजूद रहे. मंच पर उपस्थित सभी महानुभावों ने सबसे पहले भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की छवि पर पुष्प अर्पित किये.

इसके बाद उप प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती समेत सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने संविधान उद्देशिका का वाचन किया. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे ने अपने भाषण में छात्रों को संविधान दिवस के महत्व से अवगत कराया और इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को अधिकार के बजाय कर्तव्य के प्रति जागरूक होना चाहिए. प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संविधान की प्रस्तावना में शब्दों का अर्थ समझाया और प्रत्येक छात्र से संविधान पढ़ने की अपील की. कार्यक्रम में डॉ रेणुका रॉय, डॉ दिपक भवसागर, डॉ इफ्तेकार हुसैन, शिल्पा हिरेखन, डॉ. जयश्री ठवरे, लेफ्टनंट मोहम्मद असरार, उमेश बांगर, गिरीश सांगेवार, भालकर सर, विलास पजई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशिता अंबादे ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रज्वल सौलंकी ने व्यक्त किया. कार्यक्रम की सफलता के लिए महेश धोंगड़े, पूजा चौधरी, चंचल चकोले, बलराम सिंह, भूमि चंदनीया, सुमित येवले आदि ने विशेष प्रयास किये .



# पंचायत ने किया संविधान दिवस का आयोजन

**काटोल.**

मंगलवार को कोंढाली नगर पंचायत के सभी अधिकारी तथा कर्मचारियों के उपस्थिती में संविधान की शपथ लेकर संविधान दिवस मनाया गया. देश संविधान की 75वीं सालगिरह मना रहा है. इसके साथ ही भारत के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य नगर पंचायत के सभी अधिकारी तथा कर्मचारियों ने संविधान दिवस पर शपथ ली.

# दक्षिण उमरेड वन परिक्षेत्र में मिला तेंदुए का शव

**उमरेड.**

दक्षिण उमरेड वन परिक्षेत्र के लिए आरक्षित वन में तेंदुए का शव मिला है. सोमवार 25 नवंबर की सुबह मिले तेंदुए की मौत लड़ाई में होने की बात सामने आई है. दक्षिण उमरेड वन परिक्षेत्र के मसाला के कक्ष क्रमांक 374 के आरक्षित बन में तेंदुए का शव होने की जानकारी वन विभाग को मिली. इस आधार पर वन कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे. तलाश मुहिम शुरु कर जांच की गई,

संपूर्ण परिस्थिति की जानकारी वरिष्ठों को दी गई. इसके बाद राष्ट्रीय व्याघ्र संवर्धन प्राधिकरण पर आधारित प्रणाली के अनुसार आगे की कार्रवाई की गई नागपुर वन विभाग के उपवनसंरक्षक डॉ. भगत सिंह हाडा, सहायक वनसंरक्षक मनोज धनविजय, मानद वन्यजीव संरक्षण रोहित कारु, दक्षिण उमरेड के वन परिक्षेत्र अधिकारी के. एम. गजरे, पशुवैद्यकीय अधिकारी डॉ. समर्थ, डॉ. गभणे, डॉ. अस्मिता जगधापे आदि ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया. तेंदुए के सभी अवयव सही सलामत है. इसलिए प्राथमिक जांच के अनुसार तेंदुए का शिकार नहीं होने की बात वन विभाग ने कही है.

इसके अलावा त्वचा और बाहरी शरीर पर किसी भी प्रकार का रक्त का निशान नहीं है. इससे तेंदुए की बाघ के साथ लड़ाई होने की आशंका व्यक्त की है. दोनों की लड़ाई में तेंदुए की मौत होने का प्राथमिक अंदाज वन अधिकारियों ने व्यक्त किया है.

मृत होकर यह चार वर्ष तेंदुआ नर है. वन का है. विभाग ने मामला दर्ज कर लिया है. आगे की जांच जारी है.

# दो भाइयों पर आरोपियों ने किया जानलेवा हमला



**खापरखेड़ा.** मामूली बात से लेकर आरोपियों ने दो लोगों पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला की जाने की घटना खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 सत्यशील बौद्ध विहार के पास रात करीब 8:30-9 बजे की दरम्यान घटी। रविवार रात पुलिस ने इस घटना के तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों में अरविंद राजाराम बडगे धीरज राजाराम बडगे (३६, मु. वॉर्ड क्रमांक २, खापरखेडा, गुणेश्वर उर्फ दहू दिलीप बुरबांदे ऐसा समावेश बताया गया।जिसमे बबलू श्रीपाद सोनेकर और राजू श्रीपाद सोनेकर दोनों भाई निवासी वार्ड नंबर 3 नागोबा चौक, खापरखेड़ा है। दोनों घायल सगे भाई हैं और इडली, सांबर वड़ा, दोसा स्नैक्स बेचने का काम करते हैं. घटना वाले दिन आरोपी ने अपनी स्कॉर्पियो कार बुद्ध विहार के पास बीच सड़क पर एक पानठेला के सामने खड़ी कर दी थी. घायल राजू सोनेकर से किसी मामूली बात को लेकर बहस हुई।

अचानक उसी समय बब्लू सोनेकर अपने परिवार के साथ घर जा रहा था, लेकिन उक्त घटना में उसने देखा कि अपने छोटे भाई से झगड़ा हो रहा है. विवाद में वे गाली-गलौज करने लगे, विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने विवाद को नियंत्रित किया, इसके बाद घायल सोनेकर का भाई अपने परिवार के साथ अपने घर चला गया, लेकिन तीनों आरोपियों ने सोनेकर बंधूओ के घरपर जाकर चाकू से हमला कर दिया।साथही हाथ में लिए फाइटर से उसकी गर्दन और चेहरे पर वार करते हुए घर में घुस गया और राजू सोनेकर पर भी चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। फिर्यादी के अनुसार इस बार आरोपीयोंने राजू सोनेकर की पत्नी को भी उक्त घटना में जान से मारने की धमकी दी है। उक्त घटना में फिर्यादी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और खापरखेड़ा पुलिस आगे की जांच कर रही है। .

# संविधान दिवस पर रैली निकाली गई

**नागपुर.**



बिनाकी ले आउट स्थित विशाखा विद्यालय हिन्दी तथा भदंत महापंथ ज्यूनिय कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर 26 नवंबर संविधान दिवस का महत्व सभी विद्यार्थियों को बताया गया. तत्पश्चात रैली निकाली गई. जिसमे बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के पोस्टर बनाए गए. जिसमे संविधान का महत्व बताए गए. हाथ में पोस्टर तथा स्लोगन लेकर रैली इंदिरा माता नगर, पंचवटी नगर, यशोधरा नगर, वनदेवी नगर, विनोबा भावे नगर, ईटा भट्टी चौक, बिनाकी कांजी हाउस चौक से वापसी स्कूल में रैली समाप्ति की गई. रैली में मुख्याध्यपक प्रदीप जांगडे, प्राथमिक मुख्याध्यापिका वर्षा गणविर, उत्तर नागपुर युवक कांग्रेस महासचिव शेख शहनावाज, शिक्षक वासनिक मैडम, मेश्राम सर, भावे सर, वहाने सर, पाटिल सर, सहारे, रामटेके, मुन, कुर्वे, तागडे, टेभुरकर, शंभरकर, सातघरे, सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी सहभाग किया थे.

# कामठी कांग्रेस, सेवादल ने संविधान दिवस मनाया



**कामठी.**

नगर कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान गौरव दिवस पर भारत रत्न डॉ.बाबासाहेब की प्रतिमा को माल्यार्पण कर व भारतीय संविधान का पठन कर मनाया गया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश दुबे, कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष नितेश यादव, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव राजकुमार गेडाम, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष निरज यादव, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मण संगेवार, शहर कांग्रेस अध्यक्षा सुरैया बानो, सेवादल के ज़िला महासचिव सोहेल अंजुम, जिला सचिव अब्दुल सलाम, रफीक खान, राजु भागवत, आनंद खोबरागड़े, प्रमोद खोबरागड़े, कुसुम खोबरागड़े, मंजु मेश्राम, प्रकाश लाईनपांडे, संदीप सरोजकर, बालु भालेराव, सूर्यवंशी आदि कांग्रेस पक्ष के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# आरबी व्यास कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

**कोंढाली.**



यहां राजेंद्र सिंह उर्फ बाबा व्यास कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की ओर से 26 नवंबर 2024 को सुबह ग्यारह बजे संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ प्रो.एच लाडके की अध्यक्षता में. क्यू। एस.ई. के समन्वयक डॉ. प्रो प्रज्ञासा उपाध्याय एवं प्रो. भोस, गजानन दार्वेकर की उपस्थिति में ग्यारह बजे बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित की गई और दीप जलाए गए, जिसके बाद संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली गई.

डॉ उपाध्याय ने संविधान के महत्व को समझा वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. प्रो.लाडके द्वारा विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रति निष्ठावान तो होना ही चाहिए लेकिन संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा के लिए भी जागरूक होना होगा और यह जिम्मेदारी कॉलेज के युवाओं और भारत के नागरिकों की है। आयोजन, समन्वयन और कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी प्राध्यापक तथा कर्मचारी एवं उपस्थित छात्रों को प्रो. डॉ कठाने ने आभार व्यक्त किया.

# बाबासाहब के संविधान का विश्व में कोई तोड़ नहीं है : कुंभारे

**कामठी.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को न्याय, समानता और स्वतंत्रता का अधिकार दिया. साथ ही भारत में रहने वाली सैकड़ों जातियों और धर्मों को संविधान में सम्माननीय स्थान भी दिया गया है. 2 साल 11 महीने 18 दिन में संविधान का मसौदा तैयार करके 27 नवंबर 1949 को संविधान देश को सौंप दिया गया था. इस भारत देश में बाबा साहब द्वारा दिए गए संविधान को जनवरी 1950 में लागू किया गया था. पिछले 75 वर्षों में भारत एक साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह वास्तव में बाबासाहब द्वारा देश को दिया गया अनमोल पवित्र ग्रंथ है. दावा है कि भारतीय संविधान का दुनिया में कोई तोड़ नहीं है. यह उद्गार ड्रैगन पैलेस टेंपल पप्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड.सुलेखा कुंभारे ने संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये.मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर ड्रैगन पैलेस टेंपल परिसर, दादासाहेब कुंभारे क्षेत्र में प्रातः 10:30 बजे बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक पर एड. सुलेखा कुंभारे के हस्ते डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतले को माल्यार्पण कर सामूहिक रूप से अभिवादन किया गया.

उसके बाद एड.सुलेखा कुंभारे की उपस्थिति में ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल, हरदास विद्यालय, दादासाहेब कुंभारे विद्यालय, दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र के छात्र, शिक्षकों के साथ ही बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया. इस मौके पर ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से संविधान के महत्व पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया.



### संविधान के महत्व पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया

कार्यक्रम में हरदास शैक्षणिक एंड सांस्कृतिक संस्था, ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल, हरदास विद्यालय, दादासाहेब कुंभारे विद्यालय, दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थी, शिक्षक वर्ग सहित बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर, छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सिरिया, छावनी क्षेत्र अध्यक्ष व छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, उदास बंसोड़, नियाज कुरेशी, विलास बंसोड़, अशफाक कुरेशी, अंकुश बम्बोर्डे, अनुभव पाटिल, मनीष डोंगरे, सावला सिंगाडे, रजनी गजभिए, उषा भावे, रेखा पाटिल, विशाखा गेडाम, सुनील वानखेड़े, राजेश सौंडकर, सचिन नेवारे आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# कार दुर्घटना में रोशन नायक की मौत




**कामठी.** कामठी शहर के रामगढ़ निवासी 26 वर्षीय रोशन नीलांबर नायक की मंगलवार को सुबह तड़के 4:30 बजे करीब सड़क दुर्घटना में मौत हो गई.प्राप्त जानकारी अनुसार रोशन नायक नागपुर डॉ.बाबासाहब आंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में कर्मचारी था. आज मंगलवार को सुबह फोर व्हीलर कार से दो साथियों के साथ ड्यूटी पर जाते समय कामठी नागपुर मार्ग पर गरुड़ चौक के पास गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से फोर व्हीलर कार सड़क किनारे लगे लोहे की रेलिंग से जा भिड़ी. हादसा इतना भयानक था कि जिसमें रेलिंग कार को चीरती हुई निकल गई. इस हादसे में कार में बैठे रोशन नाइक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं इस हादसे में अन्य दो साथी घायल होने की जानकारी सामने आ रही है. घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है.

## निधन वार्ता


निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### विठोबा कुथे



**सावनेर.** ढोमणे लेआउट वार्ड क्र. 1 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक विठोबा कुथे का 24 को रविवार को रात 9 बजे वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। उनके परिवार में 3 बेटे, 1 बेटी और कई नाती-पोतों का एक बड़ा परिवार है। विठोबा कुथे का अंतिम संस्कार 25 को राम गणेश गडकरी मोक्षधाम में दोपहर 2 बजे किया गया।

### रविकांता विज



**कामठी.** सक्रिय कार्यकर्ता एवं रचनात्मक कार्यों के संयोजक नरेश विज (निटी) की माताजी एवम गायत्री परिवार कामठी की कर्मठ कार्यकर्ता रविकांता विज का दु:खद निधन सोमवार 25 नवंबर को उनके निवास स्थान राम लक्ष्मी नगर आशा हॉस्पिटल के पीछे कामठी में हो गया है. उनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार को सुबह 9:30 उनके निवास स्थान से निकालकर हनुमान घाट गोरा बाजार में अंतिम संस्कार की जाएगी. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई.

CMYK

# कोसमतोंडी गांव में पुलिस स्टेशन की हो रही मांग

**> 24 साल से नहीं दिया जा रहा ध्यान**

**गोंदिया.**

जिले की सड़क अर्जुनी तहसील में कोसमतोंड़ी गांव अंतिम छोर पर है और नागझिरा अभयारण्य और व्याघ्र प्रकल्प के निकट है. इस इलाके का सबसे बड़ा गांव कोसमतोंड़ी है और इस जगह पर पुलिस थाना बनाने की मांग पिछले 24 साल से हो रही है जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण इस क्षेत्र की कई समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है. कोसमतोंड़ी से 10 से 15 छोटे-बड़े गांव जुड़े हुए हैं और यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग पिछले 24 वर्षों से की जा रही है. लेकिन वह भी अभी तक पूरी नहीं हुई है. इस गांव से सटा हुआ नागझिरा अभ्यारण्य और व्याघ्र प्रकल्प है और यह इलाका बेहद दुर्गम और नक्सल क्षेत्र में है. यहां पुलिस थाने की जरूरत है. मुरपार, लेंडेझरी, बोडुंदा, थाडेझरी, बेहलीटोला, टेमनी, हेटी, गिरोला, घटेगांव, मुंडीपार (ई), सितेपार, डुंडा, पांढरी, रेंगेपार, मालीजुंगा, धानोरी, शिवनटोला, किसनटोला ये सभी गांव कोसमतोंड़ी क्षेत्र से जुड़ने वाले है और इस क्षेत्र के नागरिक कई वर्षों से पुलिस थाने की मांग कर रहे हैं. कोसमतोंड़ी गांव डुग्गीपार थाने के अंतर्गत आता है और वहां से 25 किमी. दूर है. कोसमतोंड़ी में दो माध्यमिक और जूनियर कॉलेज, एक जिला परिषद प्राथमिक

विद्यालय, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एक शाखा और एक सेवा सहकारी संस्था है.

नागरिकों की शिकायतें डुग्गीपार थाने में लंबित भंडारा जिले की सीमा कोसमतोंड़ी से एक किमी. दूर है और यहीं से गोंदिया और भंडारा जिले को जोड़ने वाला राज्य राजमार्ग क्र. 357 गुजरता है. कोसमतोंड़ी बाईपास 17 किमी. यह मुरदोली-कोहमारा-गोंदिया मार्ग से जुड़ा है और यहां दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन रहता है. यह मार्ग भंडारा जिले के लाखनी-सालेभाटा-एकोड़ी से 40 किमी. दूर है और इस मार्ग पर कोई चेकपॉइंट नहीं है, इस मार्ग पर रात के समय ट्रकों द्वारा अवैध रेत, निर्माण लकड़ी, अवैध शराब और जानवरों का परिवहन किया जा रहा है.

### नागरिकों को अनावश्यक परेशानी होती है

इस क्षेत्र के नागरिकों की कई शिकायतें डुग्गीपार थाने में लंबित हैं. कई शिकायतों पर तो ध्यान ही नहीं दिया जाता. ऐसे में नागरिकों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है. 40 गांवों को मिलेगी सुविधा डुग्गीपार थाने के तहत छह बीट हैं और कोकणा बीट 10 किमी., सौंदड़ बीट 10 कि.मी., डव्वा बीट 11 किमी., पांढरी बीट 15 किमी., कोसमतोंड़ी बीट 25 किमी. दूर है. थाडेझरी गांव कोसमतोंड़ी से 5 किमी दूर अंत में है. कोसमतोंड़ी-पांढरी बीट मिलाकर 35 से 40 गांव हैं.

## कल 40 दिवसीय अखंड ज्योति एवं घटविसर्जन का समापन



**वर्धा**. बुधवार यानि कल महाकाली धामतीर्थ पर चालीस दिवसीय अखंड ज्योति समापन एवं घटविसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर त्रिदेवी का अष्टांग योग पूजन, होम, हवन पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्याम व्यास की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

अखंड ज्योति के समापन के बाद निकटवर्ती नदी तल में प्रवाहित किया जाएगा। हालांकि, जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने भक्तों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है.

# ब्रिलिएंट स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**हिंगनघाट.**




विद्या विकास शिक्षण संस्था द्वारा संचालित ब्रिलिएंट स्कूल हिंगनघाट में संविधान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. उमेश तुळसकर, अध्यक्ष विद्या विकास शिक्षण संस्थान हिंगनघाट, और आयोजनकर्ता के रूप में अभय दांडेकर, मुख्याध्यापक ब्रिलिएंट स्कूल हिंगनघाट उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा का पूजन कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने संविधान के उद्देश्यों को पढ़कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत कर संविधान के महत्व को उजागर किया और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की वेशभूषा धारण करके मानवंदना दी। कुछ विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से संविधान और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के चित्र बनाकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश तुळसकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, "संविधान एक सर्वश्रेष्ठ पुस्तक है और इसके कारण ही समाज में सब कुछ व्यवस्थित रूप से चल रहा है। हर व्यक्ति को संविधान को पढ़ना और समझना चाहिए, और हर घर में एक संविधान होना चाहिए।"कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नाभा उरकुडकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका प्रियंका लोणकर ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों का योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# वायगांव में दूसरा आदर्श ग्राम निर्माण सम्मेलन

**तुलजापुर.**



मानवता के महापुजारी एवं राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज का ग्राम गीता मय रचनात्मक कार्य आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यों के साथ 5 जनवरी 2025 को वर्धा जिले के वायगांव निपानी में संपन्न हो रहा है. 24 को वायगांव निपानी एवं सेवाग्राम आश्रम के कला भवन में बैठक प्रकाश अलवडकर, सुरेंद्र बेलूरकर, उद्धव साबले, गणेश शेंडे, धनंजय सावरकर, माणिकदास बेलूरकर, रमेशराव किनगांवकर, कृष्णाजी डबुरकर, डॉ. जयसवाल, नंदू चौधरी, विजयराव राउत, किरण मुरकुठे, नानाजी वाणी, गुरुदेव सेवक प्रचार प्रमुख गजानन जीकार, श्रीराम घुर्डे, सेवाग्राम की संरपच सुजाता ताकसांडे की उपस्थिति में संपन्न हुई, इसमें आदर्श समशानभूमि स्वच्छता मिशन, एक ओवी अनुभव करे ग्रामगीता की, महिला विकास आदर्श पुस्तकालय, रंगोली प्रतियोगिता एवं अन्य ग्राम विकास के साथ-साथ वर्ष भर विभिन्न सामाजिक गतिविधियां की जाएंगी, ऐसी जानकारी फाउंडेशन के प्रसिद्धी प्रमुख गजानन जिकार ने दि. आद्य ग्रामगीताचार्य रामकृष्ण दादा बेलूरकर का विचार जिन्होंने अपना पूरा जीवन ग्राम गीता के प्रचार-प्रसार में बिताया। उनका जन-जन तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से आदर्श ग्राम निर्माण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# शायरी जिंदगी का आईना है: इमरान राही

**> अर्चना धानोरकर और ऋचा वगरकर पुरस्कार से सम्मानित**

**देवली.**




कवि अपनी रचना में जीवन की सच्चाई बयान करता है. मानव जीवन सुख-दुख, उतार-चढ़ाव, सफलता-असफलता, जोड़-घटाव से बना है। इसलिए शायर की लिखी कविता जिंदगी का आईना होती है, यह बात मशहूर शायर व उर्दू शायर इमरान राही ने स्थानीय एसएसएनजे कॉलेज के एनसीसी विभाग द्वारा मां विषय पर आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में 24 नवंबर को एनसीसी सभागार में कहा. एनसीसी के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय एसएसएन कॉलेज की एनसीसी इकाई ने क्विज एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया. पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध उर्दू कवि इमरान राही ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राजू लभाने, अर्चना धानोरकर, ऋचा वगरकर मांजरखेड़े और एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर उपस्थित थे।

प्रश्नमंजुषा स्पर्धा में परमवीर चक्र विजेता राइफलमैन संजय कुमार की टीम, कैडेट सौरभ साव और नयन तुमसरे ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि शहीद परमवीर चक्र विजेता विक्रम बत्रा की सार्जेंट ख़ुशी पचारे और कंचन राउत की टीम और कैडेट पायल चौके और अनुश्री खंडारे की टीम ने परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव की टीम ने दूसरा पुरस्कार जीता। तीसरा पुरस्कार अंडर ऑफिसर आदर्श नाईक और सार्जेंट मनोज नेहारे और शहीद परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडे की टीम ने जीता।

हिंगनघाट की जान्हवी वानखेड़े को प्रथम पुरस्कार के लिए 501/- नकद और प्रशस्ति पत्र दिया गया, जबकि अल्लीपुर के शेखर धोंगड़े को द्वितीय पुरस्कार 401/- नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार यवतमाल की रश्मी खोके और एसएसएनजे कॉलेज की प्रतीक्षा पाटमासे को दिया गया। प्रोत्साहन पुरस्कार कैडेट पायल चौके ने जीता।

एनसीसी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कवयित्री के रूप में यशवंत विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज की शिक्षिका अर्चना धानोरकर तथा भारती कृष्ण विद्या विहार विद्यालय, नागपुर की शिक्षिका एवं आकाशवाणी की उद्घोषक ऋचा वगरकर मांजरखेड़े को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिचय एनसीसी ऑफिसर कैप्टन मोहन गुजरकर ने संचालन, कमांडिंग सार्जेंट कोमल शितले और अंडर ऑफिसर श्रद्धा मडावी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं' के साथ हुआ।

## दुर्घटना में अनेक घायल, एक छात्र की मौत

**नागपुर**. सरस्वती विद्यालय के छात्रों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा छात्र घायल हो गए. घायल छात्रों को वर्धा रोड स्थित एम्स में भर्ती कराया गया, सात छात्रों को एनआईएमएस में और एक छात्र को प्लेटिना अस्पताल में भर्ती कराया गया। नागपुर- वर्धा जिले की सीमा पर पेंढारी गांव के पास यह दुर्घटना हो गयी निर्वाणी बागड़े, निवासी. मृत छात्रों का नाम तकली सीम है सरस्वती हाई स्कूल के छात्र वर्धा जिले के पिकनिक स्पॉट हरक्यूलिस देखने के लिए सुबह पांच यात्राओं पर निकले थे। सुबह करीब 9 बजे हिंगाणी मार्ग पर देवली पेंढारी गांव के सामने घाट पर। पेंढारी गांव के पास से चार बसें गुजर गईं, जबकि आखिरी बस मोड़ते समय चालक के नियंत्रण खोने से पलट गई, इसमें छात्रों और शिक्षकों सहित 50 से अधिक यात्री थे। आधे से अधिक यात्रियों की मौत हो गई, 1 लड़की और 1 शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## माणिक वाचनालय में संविधान दिवस का आयोजन संपन्न



**वर्धा.**

माणिक वाचनालय, श्री क्षेत्र वरखेड, तालुका तिवसा, जिला अमरावती में 26 नवंबर 2024 को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वाचनालय मार्गदर्शक एवं राष्ट्रीय नक्कलकार हरिभाऊ मोतीराम बेलूरकर ने की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्री सागर भोवते, भारती सुभाषराव पाचघरे, और सुमन हरिभाऊजी बेलूरकर उपस्थित थीं। इस अवसर पर विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की छवि का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया।

वाचनालय की अध्यक्ष भारती अनिल बेलूरकर ने सामुदायिक संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन वंदना बालासाहेब हरणे ने किया।

इस अवसर पर ग्राम के तरुण वाचक आंदोलन के सदस्य, गुरुदेव सेवा मंडल के सदस्य और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के राष्ट्रवंदना से हुआ। यह आयोजन भारतीय संविधान की महत्ता और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के योगदान को समर्पित था, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने एकजुट होकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# अवैध रेत चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**> 85 लाख का माल जब्त**

**वर्धा.**



स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा द्वारा वना नदी तट से अवैध रूप से रेत चोरी और खनन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। हिंगनघाट डिवीजन के क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से रेत चोरी कर उसे नदी तट से ट्रैक्टर और जेसीबी के जरिए निकाल रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए समुद्रपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गश्त के दौरान पांच ट्रैक्टर ट्रॉली और दो जेसीबी मशीनों को पकड़ लिया। यह जेसीबी और ट्रैक्टर बिना किसी पास परमिट या रॉयल्टी के अवैध रूप से काली रेत (लघु खनिज) खनन कर रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में जेसीबी चालक गजानन छगन तामसवाड़े, श्रावण रामचन्द्र सीडाम, ट्रैक्टर चालक यशवन्त परसराम दाते, अरविंद अशोकराव कोटनाके, अमोल गोविंदराव डोमकावले, आकाश भाऊराव कन्नाके और प्रशांत देवराव चौधरी शामिल हैं।

इन सभी के खिलाफ समुद्रपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच ट्रैक्टर, ट्रॉली, दो जेसीबी और कुल 500 फुट (पाँच ब्रास) रेत बरामद की है। कुल मिलाकर पकड़े गए माल की कीमत 85,25,000 रुपये आंकी गई है।

इस कार्रवाई के पीछे पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के निर्देश थे, जिसके तहत पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी और स्थानीय अपराध शाखा के अन्य अधिकारियों ने इसे अंजाम दिया। पुलिस की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि अवैध खनन और रेत चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# डॉ. विनोद चव्हाण ने किया कीट निरिक्षण कार्य का निरीक्षण

**> कार्यों की निगरानी करने के दिये निर्देश**

**गोंदिया.**



जिला मलेरिया अधिकारी डा. विनोद चव्हाण ने सालेकसा तहसील के देरेकसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अतिदुर्गम नवाटोला गांव का दौरा किया और क्षेत्र में कीट नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य का निरीक्षण किया. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देरेकसा स्थित मलेरिया बुखार से पीड़ित मरीजों की समीक्षा कर उपकेंद्र नवाटोला में भेंट दी और मरीजों से दवा के बारे में जानकारी लेने के बाद गांव में कीट नियंत्रण कार्यक्रम का निरीक्षण कर आशा सेविका और स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से बुखार के मरीज और कंटेनर खोज अभियान के बारे में जानकारी ली. देरेकसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डा. पारस गिरी ने स्वास्थ्य संस्था में अच्छी सेवा प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों पर पर संतुष्टि संतुष्टि व्यक्त की और दैनिक कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए.

उनके साथ डा. पारस गिरी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ठाकरे, स्वास्थ्य सहायक किशोर भालेराव उपस्थित थे. दौरे के दौरान डा. विनोद चव्हाण ने आरोग्यवर्धिनी केंद्र देरेकसा की प्रयोगशाला में कीटनाशक कार्यक्रम के आवश्यक रजिस्टरों और अभिलेखों का सत्यापन किया. उन्होंने औषधि केंद्र का निरीक्षण किया. स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए सुझाव कार्य क्षेत्र के गांव सुदूर और वनों से घिरे हैं, इसलिए निवारक कार्य के दायरे में कीट जनित, जल जनित बीमारियों के साथ-साथ महामारी संबंधी बीमारियों के खिलाफ उपाय करना, कार्यक्षेत्र के 100 प्रश. हिस्टेरेक्टॉमी के लिए ग्रामीण अस्पतालों में भर्ती करने, आरडीके किट के माध्यम से आश्रमों और स्कूलों में सभी छात्रों की रक्त जांच करने, प्रवासी श्रमिकों की सूची को अद्यतन करने और मौसमी काम से लौटने वाले लोगों का मलेरिया बुखार की जांच करने, हाथीपांव रोग ग्रेड-3 से ऊपर मरीजों को अपंगत्व प्रमाणपत्र मिलने संबंधी नियोजन करने, स्वास्थ्य संस्थान में मलेरिया बुखार के रक्त का नमूना बैंकलॉग न रखें, मलेरिया बुखार के प्रति गप्पी मछली व लार्वा का प्रदर्शन जागरूकता कार्यक्रम शालाओं में आयोजित कर विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से सुधार करने के सुझाव दिए गए.

# मकान नहीं बनाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**> प्रशासन द्वारा लाभार्थियों की जांच**

**गोंदिया.**



हर किसी के पास अपना पक्का मकान हो, इसके लिए सरकार पात्र लाभार्थियों को मकान का लाभ देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है. लेकिन, प्रशासन अब उन लाभार्थियों पर कार्रवाई करने जा रहा है जो अनुदान लेने के बाद भी निर्माण नहीं करा रहे हैं. प्रधानमंत्री आवास, रमाई आवास, शबरी आवास योजना के तहत कुल 1 लाख 31 हजार 727 परिवारों को मंजूरी दी गई. इनमें से 98 हजार 559 आवास का काम पूरा हो चुका है तथा 25 हजार 451 आवास अधूरे हैं.

घरकुल योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, रमाई आवास योजना, शबरी आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न प्रकार की घरकुल योजनाएं लागू की जाती हैं. इस योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के तहत डेढ़ से ढाई लाख तक का अनुदान दिया जाता है. कई लाभार्थी कर्ज की किश्त लेकर घर का निर्माण भी शुरू नहीं करते हैं. कुछ लाभार्थियों को पहली व दूसरी किस्त का भुगतान करने के बाद भी अधूरे निर्माण कार्य कर रहे है और अन्य गतिविधियों पर निधि खर्च करते हैं. मकान स्वीकृत होने के बाद निर्माण पूरा करना जरूरी है. लेकिन घरकुल निर्माण के लिए अनुदान किस्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी कई लाभार्थियों ने घरकुल का कार्य प्रारंभ नहीं किया है. इसलिए बार-बार अनुस्मारक व लिखित निर्देश के बाद भी काम नहीं करने वाले लाभार्थियों से अनुदान की राशि वसूली जाएगी.

### निर्माण पूरा होने के बाद अंतिम किस्त का भुगतान

प्रत्येक योजना में आवास के लिए धनराशि चरणों में दी जाती है. पहली किस्त घर का निर्माण शुरू होने के बाद मिलती है. दूसरी और तीसरी किस्त कॉलम रखे जाने और दीवारें आधी ऊपर हो जाने के बाद दी जाती है. निर्माण पूरा होने के बाद अंतिम किस्त का भुगतान किया जाता है. उन्हें मंजूरी दे दी गई है. उन लाभार्थियों को अनुदान की किश्तें दे दी गई है.

## मंडई मेले में जमकर हो रहा ध्वनि प्रदूषण

**गोंदिया.**

प्रदूषण को रोकने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का भी अनुपालन नहीं हो पा रहा है. यही कारण है कि प्रतिबंध के बावजूद भी रात 10 बजे के बाद डीजे व साउंड का शोर नहीं थम रहा है. अभी भी बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्होंने मंडई मेला व वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे बजाने की अनुमति तक प्रशासन से नहीं ली है. जो स्थिति है उसमें ध्वनि प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के दावों की धज्जियां उड़ने लगी है. जिले में इस दौरान मंडई मेला व वैवाहिक समारोह आयोजित हो रहे हैं. उसमें तेज आवाज के साथ डीजे व लाउडस्पीकर बज रहे हैं. ध्वनि प्रदूषण को लेकर न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए राज्य सरकार ने शासनादेश जारी करते हुए रात दस बजे तक तेज आवाज में बजने वाले साउंड, डीजे व लाउडस्पीकर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है. धार्मिक स्थलों पर देखा जाए तो अभी भी साउंड बिना अनुमति व नियम के बज रहे हैं. साथ ही वैवाहिक कार्यक्रमों और संस्थाओं को भी ध्वनि प्रदूषण संबंधी जिला प्रशासन से अनुमति लेने का आदेश दिया गया है. मंडई मेला व वैवाहिक कार्यक्रम जोरों से शुरू है. जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर ध्वनि प्रदूषण हो रहा है.

डीजे कितने बजे तक बजाना है, इसकी डेसिबल क्षमता कितनी होगी. आवासीय इलाकों, बाजारों व ग्रामीण क्षेत्रों में डेसिबल का मानक तय होता है. प्रशासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद मनमाने तरीके से वैवाहिक कार्यक्रमों में डीजे, साउंड व बैंडबाजा बज रहा है. जिससे तेज ध्वनि के कारण हृदय रोगियों का खतरा बढ़ जाता है.

# सुधारगृह से फरार 2 नाबालिगों को पकड़ा

**> गोंदिया शहर डी. बी. टीम की कार्रवाई**

**गोंदिया.**



शहर के गोंदिया- ढाकनी मार्ग पर रेलवे चौकी के पास लूटने के प्रयास में श्रीनगर निवासी आरोपी राहुल जसवानी के साथ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. इस मामले में दो नाबालिग भी शामिल थे. उन्हें बाल सुधार गृह नागपुर में भेजा गया था.

जहां से वह फरार हो गए थे. उन्हें गोंदिया शहर डी.बी. टीम ने सुनी चौक से कुंभारेनगर मार्ग से हिरासत में लिया. गोंदिया से ढाकनी मार्ग पर स्थित रेलवे सुनी चौक के पास हथियार के साथ लूटने का प्रयास कर रहे श्रीनगर निवासी आरोपी राहुल जसवानी को विगत 3-4 माह पूर्व अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था.

उनके खिलाफ शहर थाने में मामला दर्ज किया गया था. इस मामले में 16 व 17 वर्ष के दो विधि संघर्ष बच्चे भी शामिल थे. उन्हें बाल सुधार गृह नागपुर में रखा गया था.उनमें से एक 17 वर्षीय विधि संघर्ष बच्चा पुलिस थाना इमामवाड़ा नागपुर से चोरी के मामले में शामिल एक अन्य 16 वर्षीय बच्चे की सुचना पुलिस को दी गई. इसी बीच पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में डी.बी टीम गश्त पर थी. इस दौरान उन्हें फरार विधि संघर्ष बालक सुनी चौक से कुंभारेनगर मार्ग पर घुम रहे हैं, ऐसी जानकारी मिली. डी.बी. टीम ने दोनों को हिरासत में ले लिया. उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने बाल सुधार गृह से फरार होने की बात कबूल की. दोनों को पुलिस थाना कपिल नगर नागपुर को सौंप दिया गया.

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, डी.बी. टीम के हवलदार जागेश्वर उईके, कवलपालसिंह भाटिया, सुदेश टेंभरे, सतीश शेंडे, निशिकांत लोंदासे, कुणाल बारेवार, अशोक रहांगडाले ने की.

